संपादकीय

# लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए।

वैसे चर्चा पहले से थी, लेकिन अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि मारन को अपना औपचारिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। ठीक उसी तरह जैसे उनके पिता एम। करुणानिधि ने स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। करुणानिधि ने अपनी दूसरी संतानों को भी राजनीति में यथासंभव स्थापित करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाई। उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बना दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे एक स्वाभाविक घटना के रूप में लिया गया है। यहां तक कि अखिलेश यादव सहित कुछ नेताओं ने उदयनिधि को बधाई भी दी है। अखिलेश खुद अपने पिता का उत्तराधिकार संभाल रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब कहानी है। आज देश का नक्शा लेकर राज्य दर राज्य नजऱ डालिए, तो ऐसे उत्तराधिकारी हर जगह नजर आएंगे! ऐसी घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वैसा गुस्सा नजर नहीं आता, जिसकी कभी कांग्रेस को भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।

जब इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में संजय गांधी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाना शुरू किया, तो समाज में उसको लेकर एक तरह की वितृष्णा देखी गई। एक विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को उनकी पायलट की नौकरी छुड़वा कर राजनीति में खींच लाईं, तो यह वितृष्णा और बढ़ी। जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाया गया, तो अनेक लोगों ने कहा था कि यह घटना भारतीय नागरिकों को 'प्रजा' बना देना है।

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां ही शायद ऐसे दल बचे हैं, जहां सर्वोच्च स्तर पर वंश के आधार नेतृत्व तय नहीं हुआ है। हालांकि निचले स्तर पर वहां भी ऐसी मिसालें कम नहीं हैं। इस तरह चुनावी लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो गई है। अब चुनावों में सवाल सिर्फ यह रह गया है कि लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे!

# रिपोर्ट में बड़ा खुलासा : भारत के फाइनल में पहुंचने पर पाकिस्तान में नहीं होगा खिताबी मुकाबला

**नईदिल्ली**



अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए अब तक वेन्यू तय नहीं हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इसका आधिकारिक मेजबान है, लेकिन बीसीसीआई द्वारा टीम इंडिया को पाकिस्तान न भेजने के फैसले ने पीसीबी को परेशानी में डाल दिया है। हालांकि, बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन यह जरूर कहा है कि भारत सरकार जो फैसला करेगी, वही माना जाएगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपने स्टेडियम की मरम्मत में जुटा हुआ है। आईसीसी को पीसीबी ने जो ड्राफ्ट शेड्यूल भेजा है, उसमें भारत के सभी मैचों की मेजबानी लाहौर को दी गई है। अब एक नया खुलासा हुआ है कि टीम इंडिया अगर फाइनल में पहुंचती है तो खिताबी मुकाबला पाकिस्तान में नहीं खेला जाएगा। इससे पाकिस्तान को एक और झटका लग सकता है।

भारत और पाकिस्तान ने राजनीतिक तनाव के कारण एक दशक से अधिक समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है और दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी या एसीसी टूर्नामेंट्स के दौरान ही आमने-सामने होती हैं। पाकिस्तान ने 2023 वनडे विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था, लेकिन भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर अभी तक अपनी योजना नहीं बताई है। टूर्नामेंट के फाइनल के स्थल के रूप में लाहौर की पुष्टि की गई है। टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है तो फाइनल दुबई में स्थानांतरित किया जा सकता है।

रिपोर्ट में आगे दावा किया गया है कि भारत अगर पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने का फैसला करता है तो वह अपने सभी मैच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेल सकता है। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्वास दिखाया है कि टूर्नामेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में होगा। इससे पहले पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने विश्वास जताया था कि 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में सफलतापूर्वक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारत समेत सभी भाग लेने वाली टीमें पाकिस्तान आएंगी।

चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट 19 फरवरी से नौ मार्च तक लाहौर, कराची और रावलपिंडी में खेली जा सकता है। नकवी नेकहा कि इस आयोजन की तैयारी निर्धारित समय पर चल रही है, स्टेडियमों में और सुधार पहले से ही जारी हैं। लाहौर में नकवी ने भारत की भागीदारी को लेकर जारी अनिश्चितता को लेकर भी बयान दिया। दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण भारत ने जुलाई 2008 से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। हालांकि, नकवी टूर्नामेंट में भारत के शामिल होने को लेकर आशान्वित हैं।

उन्होंने कहा, भारतीय टीम को आना चाहिए। मैं उन्हें यहां आने को रद्द या स्थगित करते हुए नहीं देखता और हमें विश्वास है कि हम पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्टेडियम समय पर तैयार हो जाएंगे और आगे कोई भी नवीनीकरण टूर्नामेंट से पहले पूरा हो जाएगा। नकवी ने कहा, एक तरह से आप कह सकते हैं कि हमारे पास एक नया स्टेडियम होने जा रहा है।

# ओलंपिक चैंपियन वैलेरी ऑलमैन बनी दिल्ली हाफ मैराथन के इंटरनेशनल इवेंट एंबेसडर

**नई दिल्ली**



टोक्यो ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली अमेरिकी डिस्कस थ्रोअर वैलेरी ऑलमैन को 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन के लिए अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर नामित किया गया है।

पेरिस में 69.50 मीटर की शानदार थ्रो के साथ ऑलमैन ने एक नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाया, जिससे दुनिया भर में शीर्ष डिस्कस थ्रोअर में से एक के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई।

उनकी ओलंपिक यात्रा टोक्यो 2020 खेलों में स्वर्ण पदक के साथ शुरू हुई, जिसे उन्होंने 68.98 मीटर के शक्तिशाली पहले थ्रो के साथ हासिल किया।

आयोजकों द्वारा जारी एक बयान में ऑलमैन ने कहा, किसी दौड़ प्रतियोगिता का सबसे सुंदर पहलू यह है कि यह हमें एक समुदाय के रूप में एक साथ लाती है और व्यापक हित के लिए इसे अपना बनाती है। स्टार्ट लाइन केवल एक दौड़ नहीं है; यह सौहार्द, दृढ़ संकल्प, लचीलापन और सीमाओं को लांघने तथा नए व्यक्तिगत मुकाम हासिल करने की हमारी क्षमता का प्रदर्शन है। मुझे खुशी है कि मैं वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए भारत आई हूं और ऐसी चीज का हिस्सा बनी हूं जो भारत के जीवंत रंगों को सामने लाती है। मुझे यह पसंद है।

अपनी ओलंपिक जीत के अलावा, ऑलमैन दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भी हैं, जिन्होंने 2023 में रजत और 2022 में कांस्य पदक जीता है। अप्रैल 2022 में ला जोला में ट्राइटन इनविटेशनल में दर्ज 71.46 मीटर का उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो इतिहास में 15वां सबसे लंबा और लगभग तीन दशकों में सबसे लंबा थ्रो है।

260,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, दिल्ली हाफ मैराथन, 20 अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होगी।

गत चैंपियन अभिषेक पाल और कविता यादव भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, फार्मा और हेल्थकेयर स्टॉक्स में दिख रही तेजी

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार आज बुधवार को बढ़त के साथ खुला है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 320 अंक की बढ़त लेकर 81,954 पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 0.23 फीसदी या 178 अंक की बढ़त लेकर 81,813 पर ट्रेड करता दिखाई दिया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान पर और 11 शेयर लाल निशान पर ट्रेड करते दिखे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी इस समय 0.18 फीसदी या 45 अंक की बढ़त लेकर 25,058 पर ट्रेड करता दिखा। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान पर और 22 शेयर लाल निशान पर ट्रेड करते दिखाई दिए।

निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी बीपीसीएल में 2.88 फीसदी, टाटा मोटर्स में 1.98 फीसदी, श्रीराम फाइनेंस में 1.92 फीसदी, टेक महिंद्रा में 1.34 फीसदी और एशियन पेंट में 1.32 फीसदी देखी गई। वहीं, सबसे अधिक गिरावट ओएनजीसी में 1.47 फीसदी, नेस्ले इंडिया में 0.97 फीसदी, ब्रिटानिया में 0.78 फीसदी, हिंडाल्को में 0.64 फीसदी और जेएसडबल्यू स्टील में 0.64 फीसदी देखी गई।

# टी20 रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचे अर्शदीप, ऑलराउंडर की लिस्ट में नंबर-3 पर हार्दिक

**दुबई**



तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में तीन विकेट लेने के बाद आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

ग्वालियर में भारत ने बांग्लादेश पर 49 रनों से जीत हासिल की, जिसमें अर्शदीप और वरुण चक्रवर्ती ने कुल छह विकेट लिए जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने बल्ले से मुख्य भूमिका निभाई।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आठ पायदान की बढ़त बनाते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल किया। यह उनके करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग है, जबकि इंग्लैंड के अनुभवी स्पिनर आदिल राशिद जून में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप और पिछले महीने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की श्रृंखला के पूरा होने के बाद भी नंबर 1 रैंकिंग पर बने हुए हैं।

दूसरी ओर, हार्दिक पांड्या की 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से खेली गई पारी ने उन्हें टी20 ऑलराउंडरों की नई रैंकिंग में चार पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया और वह इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन (पहले) और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (दूसरे) के करीब पहुंच गए।

वह बल्लेबाजों की नई टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सात पायदान आगे बढक़र 60वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिसमें आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं।

अबू धाबी में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के समापन के बाद वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुए हैं।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रोटियाज ने श्रृंखला 2-1 से जीती, लेकिन इस सप्ताह रैंकिंग अपडेट में सबसे अधिक लाभ आयरिश खिलाड़ियों की तिकड़ी को हुआ, जिन्होंने श्रृंखला के अंतिम मैच में 69 रन की जीत के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

# आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती की दिशा में पहला कदम उठाया, अपना ये रुख बदला

**मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अपनी नीतिगत दर यानी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन ब्याज दरों में कटौती की दिशा में पहला कदम उठा दिया है। केंद्रीय बैंक अपनी अपेक्षाकृत आक्रामक नीतिगत रुख को तटस्थ कर दिया है। पैनल ने सर्वसम्मति से नीतिगत रुख को तटस्थ करने का फैसला किया है। मौद्रिक नीति समिति, जिसमें आरबीआई के तीन अधिकारी और समान संख्या में नए बाहरी सदस्य शामिल थे, ने बेंचमार्क पुनर्खरीद या रेपो दर - जो घर, ऑटो, कॉर्पोरेट और अन्य ऋणों की ब्याज दर को नियंत्रित करती है - को 10वीं लगातार नीति बैठक के लिए 6. 5 प्रतिशत पर रखने के लिए पांच-से-एक वोट दिया। ब्याज दरों में आखिरी बार फरवरी 2023 में बदलाव किया गया था, जब उन्हें 6. 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6. 5 प्रतिशत किया गया था।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट

एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च की मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुमन चौधरी ने कहा कि हालांकि एमपीसी ने दरों में कटौती के बारे में कोई स्पष्ट मार्गदर्शन नहीं दिया है, लेकिन संभावना है कि यह इस साल दिसंबर या फरवरी 2025 में दरों में कटौती करेगी, बशर्ते मुद्रास्फीति का माहौल स्थिर हो और अगले कुछ महीनों में मुख्य मुद्रास्फीति लगातार 4. 5 प्रतिशत के भीतर रहे। आईसीआरए लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान एवं आउटरीच प्रमुख अदिति नायर ने कहा कि एमपीसी समीक्षा ने रुख में बदलाव करके लचीलेपन को प्राथमिकता दी है। इससे दिसंबर 2024 में संभावित दर कटौती का रास्ता खुल गया है, अगर घरेलू और वैश्विक दोनों तरह की मुद्रास्फीति के लिए छिपे हुए जोखिम नहीं बनते हैं।

हमारे विचार में, भारतीय दर कटौती चक्र काफी उथला होगा, जो दो नीति समीक्षाओं में 50 आधार अंकों तक सीमित रहेगा।

खाद्य मुद्रास्फीति कम हो सकती है

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि समिति ने रुख बदल दिया है, लेकिन विकास को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के मुताबिक बनाए रखने पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति कम हो सकती है, जबकि अस्थिर खाद्य और ऊर्जा लागत को छोडक़र कोर मुद्रास्फीति अपने निचले स्तर पर पहुंच गई है। भारत का आर्थिक विकास परिदृश्य बरकरार रहा, निजी खपत और निवेश में भी वृद्धि हुई। रुख में बदलाव से आगामी एमपीसी बैठकों में ब्याज दरों में कटौती की संभावना का संकेत मिलता है, अगली बैठक दिसंबर की शुरुआत में होने वाली है।

# चीन के शेयरों में गिरावट, आर्थिक प्रोत्साहन से भी निवेशक नहीं हुए खुश, जबकि एशिया के दूसरे बाजारों में तेजी

**बीजिंग**

एशिया के दूसरे बाजारों में तेजी के बावजूद चीन के शेयरों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। चीन ने जो भारी-भरकम प्रोत्साहन पैकेज का ऐलान किया था, बीजिंग में अधिकारियों की ओर से उन योजनाओं का विवरण निवेशकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। नतीजा यह हुआ कि हांगकांग के शेयरों में तेजी और गिरावट के बीच उतार-चढ़ाव रहा, हैंग सेंग इंडेक्स 2. 4 प्रतिशत गिरकर 20,418 पर आ गया। पीटीआई की खबर के मुताबिक, यह गिरावट मंगलवार को 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद आई थी, क्योंकि व्यापारियों ने हाल ही में तेजी के बाद शेयरों को बेच दिया था।

**इंडेक्स हुए धड़ाम-** खबर के मुताबिक, आईजी के येप जून रोंग ने कहा कि नए प्रोत्साहन की कमी निराशा का कारण रही है, कई बाजार प्रतिभागियों को उम्मीद थी कि इसकी राजकोषीय नीतियां सितंबर के आखिर में दिए गए वित्तीय बज़ूका के नक्शेकदम पर चलेंगी, लेकिन मंगलवार की घोषणा में स्पष्ट रूप से कमी थी। शंघाई कंपोजिट 5. 1 प्रतिशत गिरकर 3,311. 02 पर आ गया, जबकि मंगलवार को राष्ट्रीय अवकाश के बाद फिर से खुलने पर इसमें 4. 6 प्रतिशत की तेजी आई थी। शंघाई और शेनझेन बाजारों में कारोबार करने वाले शीर्ष 300 शेयरों पर नजऱ रखने वाले सीएसआई300 इंडेक्स में 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई। चीनी शेयरों में भारी गिरावट आई, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि बाजार अब आधे-अधूरे वादों को नहीं खरीद रहा है।

**जापानी बाजार में बढ़त-** टोक्यो में, निक्केई 225 इंडेक्स 0.6 प्रतिशत बढक़र 39,178 पर पहुंच गया। जापानी रिटेलर सेवन एंड होल्डिंग्स के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 10 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई, जब बात सामने आई कि कनाडाई सुविधा स्टोर संचालक एलीमेंटेशन काउच-टार्ड ने अपने अधिग्रहण की बोली में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। आम चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बुधवार को जापान की संसद को भंग किया जाना था। इधर, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0. 2 प्रतिशत बढक़र 8,189 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया के बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे।

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यापार को आगे बढ़ाने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आज आप खुद को तैयार रखेंगे। प्रोफेसर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**वृष:** छात्रों के लिए आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। अगर आप किसी नये बिजनेस की शुरुआत कर रहे हैं, तो घर के बुजुर्गों की राय जरूर लें। आज हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। जीवनसाथी को आज कोई जरूरत की वस्तु उपहार देंगे।

**मिथुन:** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। किसी विशेष कार्य में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। स्टूडेंट्स को कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा। आपको आज धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क:** आज आपका दिन खास रहने वाला है। संतान आपकी बातों से प्रभावित होंगे। किसी उच्च अधिकारी से आपका पहचान होने के कारण सरकारी कार्यों में फायदा होगा। घर के कार्यो को लेकर महिलाओं की जिम्मेदारियां बढ़ेगी।

**सिंह:** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप किसी अनुभवी की राय लेकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगी। इलेक्ट्रानिक कार्यों से जुड़े लोगों को आज अधिक धन लाभ होगा। कारोबारियो को आज बड़ा मुनाफा होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अगर आपका कार्य शिक्षण संस्थान से जुड़ा है, तो आज लाभ होगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए दिन अनुकूल है। फोन पर आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से बात होगी, जिससे भविष्य में आपको फायदा जरूर होगा।

**तुला:** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने की बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए। किसी भी तरह की यात्रा करने से आज आपको बचना चाहिए, बहुत जरुरी हो तभी यात्रा पर जायें।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। कॉन्ट्रैक्ट का कार्य कर रहे लोगों को आज नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। ऑफिस के लोग आपके कार्यो की खूब तारीफ करेंगें।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बात किसी खास रिश्तेदार से होगी, उनके साथ कोई व्यापार शुरू करने की बात रखेंगे। आज अपने खर्चों को नियंत्रित करने के लिए नयी योजना बनायेंगे।

**मकर:** आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। करियर को लेकर आज आप कुछ अच्छे फैसले लेंगे। आज आप अपने कार्यों को समय से पूरा करने में सफल होंगे। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले घर में विचार विमर्श जरूर करें।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज उच्च अधिकारियों से परिचय आपके काम आयेगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे है। शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगें।

**मीन:** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में नये विचारों पर अमल करने के लिए दिन अच्छा है। आज जिस कार्यों को करने की सोचेंगे, उसमें कामयाबी मिलेगी। घरेलू कार्यों को पूरा करने में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा।

# बॉक्स ऑफिस पर खत्म हो रहा जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का जादू, 11वें दिन गिरी कमाई




जूनियर एनटीआर पिछले काफी समय से फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैं। उनकी इस फिल्म को रिलीज हुए 11 दिन पूरे हो चुके हैं और फिल्म का अब तक का कारोबार औसत रहा है।दरअसल, इस फिल्म के कारोबार से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं। यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाई है।11वें दिन फिल्म की कमाई में बड़ी गिरावट दर्ज की गई।आइए जानें देवरा ने अब तक कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवरा पार्ट 1 ने 11वें दिन यानी अपने दूसरे सोमवार को 4.9 करोड़ की कमाई की है, जबकि दूसरे रविवार को फिल्म ने 12.65 करोड़ रुपये कमाए थे। इसी के साथ देवरा का 11 दिनों का कुल कलेक्शन 249.07 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म ने पहले दिन बंपर कमाई की थी और एक साथ कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। हालांकि, इसके बाद फिल्म की कमाई का ग्राफ भी घटता-बढ़ता रहा।

बात हिंदी वर्जन की करें तो देवरा को अब भी यहां मशक्कत करनी पड़ रही है।खासकर तब, जब सिनेमाघरों में इसके आगे सिर्फ 54 दिन पुरानी स्त्री 2 है, बावजूद इसके देवरा वो कमाल नहीं दिखा पाई है, जिसकी इससे उम्मीद थी। खासकर आरआरआर की बंपर सफलता के बाद एनटीआर की हिंदी में भी फैन फॉलोइंग बढ़ी है।

# अदा शर्मा की रीता सान्याल का ट्रेलर जारी, 14 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम



पिछले काफी समय से अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी वेब सीरीज रीता सान्याल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस सीरीज में अदा पहली बार वकील की भूमिका में नजर आने वाली हैं।अब निर्माताओं ने रीता सान्याल का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस और एक्शन से भरपूर है।ट्रेलर में अदा अलग-अलग किरदार में नजर आ रही हैं। इसके अलावा वकील बन वह एक मौत की गुत्थी सुलझाती हुई दिखाई दीं।

रीता सान्याल का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने वाला है। इस सीरीज को आप 14 अक्टूबर, 2024 से देख सकते हैं।डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर वेब सीरीज का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, कानून की हर लड़ाई दिलचस्प होगी, क्योंकि अब मैदान में है रीता सान्याल।

# फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म की शीर्षक से उठा पर्दा, लंदन में शूटिंग शुरू



पाकिस्तानी स्टार फवाद खान और भारतीय अभिनेत्री वाणी कपूर फिलहाल लंदन में अपनी अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अबीर गुलाल की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 29 सितंबर को लंदन के सुरम्य में शुरू हुई है। इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज़ द्वारा की गई। फिल्म की निर्देशक आरती एस बागड़ी ने कहा कि यह फिल्म प्यार के बारे में है।

बागड़ी ने कहा फिल्म दो व्यक्तियों की यात्रा पर आधारित है जिसमें अनजाने में दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं। इस दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट भरपूर मनोरंजन का वादा करती है। निर्माताओं ने कहा, फवाद का एक बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हम उम्मीद करते हैं कि उनके प्रशंसक इस फिल्म को पूरे दिल से पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि फवाद और वाणी के बीच की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आएगी।

फिल्म की शूटिंग अक्टूबर और नवंबर में यूके में की जाएगी। फिल्म निर्माता ने कहा है कि एक प्रमुख बॉलीवुड संगीतकार ने इस फिल्म के लिए गाने के 6 ट्रैक बनाए हैं।

पाकिस्तान के सबसे बड़े सितारों में से एक फवाद ने शशांक घोष की रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म खूबसूरत में सोनम कपूर के साथ साल 2014 में हिंदी सिनेमा के पर्दे पर डेब्यू किया था। यह फिल्म 1980 में बनी इसी टाइटल की फिल्म की कहानी पर आधारित थी। इसमें किरण खेर, रत्ना पाठक शाह और आमिर रज़ा हुसैन जैसे नाम भी शामिल थे।

इसके बाद उन्हें शकुन बत्रा की 2016 की पारिवारिक ड्रामा कपूर एंड संस में आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन साझा करते देखा गया। बॉलीवुड में उनकी आखिरी बड़ी फिल्म करण जौहर की ऐ दिल है मुश्किल थी, जिसमें वह रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा के साथ नजर आए थे।

## शब्द सामर्थ्य- 203

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 202 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 203

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.202 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |